# 14 राजस्थान के लोकनृत्य

1. कनाणा (बाड़मेर) का प्रसिद्ध नृत्य कौनसा है?
(1) गैर नृत्य (2) द्विचकी नृत्य
(3) मोरिया नृत्य (4) बालदिया नृत्य (1)

2. निम्न में से कौनसा युग्म सही सुमेलित है?

| लोक नृत्य | जाति |
|---|---|
| (1) नेजा नृत्य | – गरासिया |
| (2) चरी नृत्य | – मीणा |
| (3) मावलिया नृत्य | – कथौड़ी |
| (4) वालर नृत्य | – भील (3) |

**व्याख्या –** मावलिया नृत्य कथौड़ी जाति का है। यह नृत्य नवरात्रों में 9 दिनों तक कथौड़ी जाति के लोग समूह बनाकर ढोलक व बांसूरी के साथ देवी–देवताओं के गीत गाते हुए गोल घेरे में नृत्य करते हैं।

3. निम्न में से कौनसा लोकनृत्य, लयबद्ध तरीके से आगे बढ़ने व पीछे हटते हुए पैटर्न बनाने की कला के लिए प्रसिद्ध है?
(1) चंग नृत्य (2) कच्छी घोड़ी नृत्य
(3) बिंदौरी नृत्य (4) नाहर नृत्य (2)

**व्याख्या–** यह नृत्य वीर रस से सम्बन्धित है, इसके कलाकार वीरोचित वेशभूषा धारण करके हाथ में लकड़ी की तलवार लेकर बांस की खपच्चियों/काठ की घोड़ी पर सवार होकर 4–4 व्यक्ति लयबद्ध तरीके से इस प्रकार आगे पीछे बढ़ते हैं, जैसे फूल की पंखुड़ियों के खुलने व बंद होने का आभास होता है।

4. निम्नलिखित नृत्यों में से किस नृत्य में केवल स्त्रियाँ भाग लेती हैं ?
(1) कच्छीघोड़ी (2) लूम्बर
(3) मोरिया नृत्य (4) गैर नृत्य (2)

**व्याख्या–** यह जालौर क्षेत्र का महिला प्रधान नृत्य है, यह नृत्य होली पर किया जाता है।

5. निम्न में से कौन–सा गरासिया जनजाति से सम्बन्धित नृत्य है?
(1) घुड़ला नृत्य (2) वालर
(3) गैर नृत्य (4) गवरी (2)

**व्याख्या–** वालर नृत्य सिरोही में गरासिया जनजाति द्वारा बिना वाद्य यंत्र के स्त्री–पुरुषों द्वारा किया जाता है इसे गरासिया घूमर भी कहते है।

6. तेरहताली नृत्य का संबंध किस जाति से है?
(1) रैबारी (2) कामड़
(3) सरगड़ा (4) गुर्जर (2)

**व्याख्या –** तेरहताली नृत्य कामड़ जाति की बहुओं द्वारा लोकदेवता रामदेवजी के मेले व उत्सवों के अवसर किया जाता है। इस नृत्य के प्रमुख कालाकार मांगीबाई, मोहनी, नारायणी व लक्ष्मणदास है।

7. निम्न में से कौन–सा यंत्र राजस्थान के तेरहताली नृत्य में प्रयोग में नहीं आता?
(1) डेरु (2) मंजीरा
(3) तानपुरा (4) चौतारा (1)

8. मुगल सम्राट शाहजहाँ के समय से ही प्रसिद्ध 'नाहर नृत्य' खेलने की परम्परा कहाँ प्रचलित है?
(1) मेनार (उदयपुर) (2) ब्यावर (अजमेर)
(3) माण्डल (भीलवाड़ा) (4) शाहपुरा (भीलवाड़ा) (3)

9. निम्नलिखित में से कौनसा नृत्य शेखावाटी क्षेत्र का नृत्य नहीं है?
(1) गींदड़ (2) कच्छी घोड़ी
(3) चंग (4) बम नृत्य (4)

**व्याख्या–** बम नृत्य मुख्यत: भरतपुर का नृत्य है इसमें वादक द्वारा खड़े होकर एक बड़े नगाड़े (बम) को दोनों हाथों से दो मोटे डण्डो से बजाया जाता है।

10. घुड़ला नामक नृत्य राजस्थान के किस शहर में लोकप्रिय है?
(1) अजमेर (2) सीकर
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (4)

11. नृत्य शैली, जो गरासिया जनजाति से सम्बन्धित नहीं है?
(1) वालर (2) मांदल
(3) गवरी (4) लूर (3)

**व्याख्या–** गवरी नृत्य मुख्यत: भील कलाकारों द्वारा किया जाता है।

12. 'कच्छी घोड़ी' क्या है?
(1) जनजातीय नृत्य (2) धार्मिक नृत्य
(3) युगल नृत्य (4) व्यावसायिक नृत्य (4)

13. निम्नांकित जातियों/जनजातियों/पंथों व उनके नृत्यों के सही युग्म कौनसे हैं–

| नृत्य | जाति/जनजाति/पंथ |
|---|---|
| (1) गैर नृत्य | – भील जाति |
| (2) मछली नृत्य | – बणजारा जाति |
| (3) शंकरिया नृत्य | – कालबेलिया जाति |
| (4) अग्नि नृत्य | – जसनाथी सम्प्रदाय |

(1) 1,2 3 (2) 1,3,4
(3) 2,3,4 (4) 1,2,3,4 (4)

14. मेव जाति का वह लोक नृत्य, जिसमें स्त्री व पुरुष दोनों भाग लेते है?
(1) रतवई नृत्य (2) कबूतरी नृत्य
(3) बम नृत्य (4) रणबाजा नृत्य (4)

15. भील जाति द्वारा किया जाने वाला 'खेल नृत्य' है?
(1) शिकार नृत्य (2) युद्ध नृत्य
(3) नेजा नृत्य (4) घूमरा नृत्य (3)

16. कूद नृत्य किस जनजाति का है?
(1) सहरिया जनजाति (2) गरासिया जनजाति
(3) कथोड़ी जनजाति (4) भील जनजाति (2)

**व्याख्या–** गरासिया स्त्री–पुरुषों द्वारा बिना वाद्ययंत्र के पंक्तिबद्ध होकर यह नृत्य करते समय तालियों का प्रयोग किया जाता हैं।

Dhindhwal Publication

17. द्विचक्री नृत्य के बारे में सही कथन है?
(1) विवाह के अवसर पर भील पुरुषों एवं महिलाओं द्वारा गोलाकार वृत बनाकर किया जाने वाला नृत्य।
(2) गरासिया महिलाओं द्वारा मांदल वाद्ययंत्र के साथ किया जाने वाला नृत्य।
(3) कालबेलिया महिलाओं द्वारा भीख माँगते समय किया जाने वाला नृत्य।
(4) भीलों द्वारा विवाह के अवसर पर घुटनों के बल बैठकर किया जाने वाला नृत्य। (1)

18. तेरहताली, गींदड़ व कच्छी घोड़ी क्या है?
(1) राजस्थान के लोकगीत
(2) राजस्थान की संगीतजीवी जातियाँ
(3) राजस्थान की संगीत गायन शैलियाँ
(4) राज्य की नृत्य विधाएँ (4)

19. तेरहताली नृत्य, वालर नृत्य, पणिहारी नृत्य का संबंध क्रमशः किस जाति से है?
(1) भील, गरासिया एवं कथौड़ी जाति
(2) कामड़, गरासिया एवं सहरिया जाति
(3) सहरिया, भील एवं गरासिया जाति
(4) कामड़ भोपा, गरासिया एवं कालबेलिया जाति (4)

20. कच्छी घोड़ी नृत्य किस क्षेत्र में ज्यादा प्रचलित है?
(1) मेवाड़ (2) मारवाड़
(3) मेवात (4) शेखावाटी (4)

**व्याख्या –** कच्छीघोड़ी नृत्य को क्षेत्रीय नृत्य के साथ व्यावसायिक नृत्यों की श्रेणी में भी माना जाता है। यह नृत्य शेखावाटी के अलावा कुचामन, परबतसर व डीडवाना क्षेत्रों में भी किया जाता है।

21. निम्नलिखित सूची–I (नृत्यों के प्रकार) का सूची–II (संबंधित स्थानों) के साथ मिलान करें और नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें–

| सूची–I | | सूची–II |
|---|---|---|
| 1. ढोल नृत्य | – | जालौर |
| 2. बम नृत्य | – | अलवर–भरतपुर |
| 3. बिन्दौरी नृत्य | – | झालावाड़ |

**कूट :**
(1) 1 व 2 सही है (2) 2 व 3 सही है
(3) 1 व 3 सही है (4) सभी सुमेलित है। (4)

22. राजस्थान का कौन सा लोक नृत्य केवल महिलाओं द्वारा किया जाता है?
(1) घूमर नृत्य (2) भवाई नृत्य
(3) शंकरिया नृत्य (4) अग्नि नृत्य (1)

23. निम्नलिखित में से किस नृत्य के साथ झांझ नामक वाद्ययंत्र का प्रयोग किया जाता है?
(1) तेरहताली नृत्य (2) कच्छी घोड़ी नृत्य
(3) चंग नृत्य (4) बम नृत्य (2)

**व्याख्या–** कच्छीघोड़ी नृत्य में झांझ के अलावा ढ़ोल व थाली वाद्ययंत्रों का भी प्रयोग किया जाता है।

24. राई नृत्य किस जनजाति से सम्बन्धित है?
(1) भील (2) गरासिया
(3) सहरिया (4) कालबेलिया (1)

25. निम्न में से धार्मिक नृत्य नहीं है?
(1) अग्नि नृत्य (2) तेरहताली नृत्य
(3) झेला नृत्य (4) डांग नृत्य (3)

**व्याख्या–** झेला नृत्य सहरिया जनजाति द्वारा फसल की पकाई के अवसर पर किया जाने वाला युगल नृत्य है।

26. निम्न में से कौनसा लोक नृत्य होली पर नहीं किया जाता?
(1) चंग (2) गैर
(3) नेजा (4) पणिहारी (4)

**व्याख्या–** पणिहारी नृत्य पानी भरने जाते समय कालबेलिया जाति की पणिहारिन स्त्रियाँ सिर पर मटके रख कर यह नृत्य करती है।

27. निम्न में से कौनसा नृत्य कंजर युवतियों द्वारा '80 कली' का घाघरा पहनकर किया जाता है?
(1) धाकड़ नृत्य (2) लाठी नृत्य
(3) चकरी नृत्य (4) चरी नृत्य (3)

**व्याख्या–** हाड़ौती अँचल में कंजर जाति की अविवाहित युवतियों द्वारा गीत गाते हुए तेज गति में चक्राकार घुमते हुए चक्री/चकरी नृत्य किया जाता है।

28. निम्न में से कौनसा नृत्य भीलों द्वारा नहीं किया जाता है?
(1) रमणी (2) सूकर
(3) लहंगी (4) शिकार (3)

**व्याख्या–** लहंगी नृत्य सहरिया जनजाति की युवतियों द्वारा किया जाता है।

29. डांग नृत्य किस क्षेत्र में किया जाता है?
(1) नाथद्वारा (राजसमंद) (2) कोलूमंड (जोधपुर)
(3) चौहटन (बाड़मेर) (4) पादरला (पाली) (1)

**व्याख्या–** नाथद्वारा में वल्लभ सम्प्रदाय के अनुयायियों द्वारा होली के अवसर पर यह नृत्य किया जाता है। यह एक धार्मिक नृत्य है। इसमें नृतक देवर भाभी के रूप में एक दूसरे पर रंग डालते हुए नृत्य करते हैं।

30. निम्न में से कौनसा नृत्य कालबेलिया जनजाति द्वारा नहीं किया जाता है?
(1) रतवई (2) शंकरिया
(3) इंडोणी (4) बागड़िया (1)

व्याख्या– रतवई नृत्य मेव जाति द्वारा किया जाता है।

31. निम्न में से सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन करें।

| नृत्य | जाति |
|---|---|
| A. मछली | I. कंजर |
| B. रतवई | II. डामोर |
| C. परणिया | III. बणजारा |
| D. लाठी | IV. मेव |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | III | II | I |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | III | II | IV | I |
| (4) | III | IV | II | I |

(4)

32. निम्न में व्यावसायिक नृत्य नहीं है?
(1) भवाई (2) चरी
(3) कच्छी घोड़ी (4) हुरंगा (4)

**व्याख्या–** भरतपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 'हुरंगा' स्वांग नृत्य नाटक खेला जाता है। होली के बाद चैत्र कृष्णा पंचमी से अष्टमी तक हुरंगा का आयोजन होता है। इसमें पुरुष व महिलाएँ बम, ढ़ोल व मांट वाद्ययंत्रों के साथ स्वांग धारण कर सामूहिक नृत्य करते हैं।

33. निम्न में से सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन करें।

| नृत्य | स्थान |
|---|---|
| A. कबूतरी | I. चुरू |
| B. तमाशा | II. अलवर |
| C. खारी | III. जयपुर |
| D. मोहिली | IV. प्रतापगढ़ |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | III | II | IV |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | III | II | IV | I |
| (4) | III | IV | II | I |

(1)

34. निम्न में से कौनसा नृत्य होलिका दहन से पहले किया जाता है?
(1) गैर नृत्य (2) हुरंगा नृत्य
(3) ज्वारा नृत्य (4) डांडिया (3)

**व्याख्या–** ज्वारा नृत्य गरासियों द्वारा होलिका दहन से पूर्व उसके चारों ओर घेरा बनाकर हाथ में ज्वार की बालियाँ लेकर किया जाता है।

35. निम्न में से सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन करें।

| नृत्य | स्थान |
|---|---|
| A. भांगड़ा | I. जैसलमेर |
| B. ढोला मारू | II. बाड़मेर व मेवाड़ |
| C. गैर | III. झालावाड़ |
| D. हिंडौला | IV. श्रीगंगानगर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | III | II | I |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | III | II | IV | I |
| (4) | III | IV | II | I |

(1)

36. किस नृत्य में बाहर के अर्द्धवृत में पुरुष व अंदर के अर्द्धवृत में महिलाएँ नृत्य करती है तथा इस नृत्य का आरम्भ एक पुरुष हाथ में छाता/तलवार लेकर करता है?
(1) मांदल (2) वालर
(3) घूमर (4) गरवा (2)

37. भवाई नृत्य के प्रर्वतक, जिनका संबंध केकड़ी (अजमेर) से हैं?
(1) भानू जी (2) बिरजू जी
(3) लच्छीराम (4) बाघाजी (4)

38. हाथीमना नृत्य किस जाति से संबंधित है?
(1) डामोर (2) गरासिया
(3) सहरिया **(4) भील** (4)

**व्याख्या–** हाथीमना नृत्य भीलों द्वारा घुटनों के बल बैठकर किया जाने वाला नृत्य है।

39. निम्नलिखित सूची – I (नृत्य) का सूची – I का (संबंधित जाति) के साथ मिलान करें और नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन करें–

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. शिकार नृत्य | i. सहरिया |
| B. वालर नृत्य | ii. भील |
| C. शंकरिया नृत्य | iii. गरासिया |
| D. झेला नृत्य | iv. कालबेलिया |

कूट :

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | i | ii |
| (2) | ii | i | iii | iv |
| **(3)** | **ii** | **iii** | **iv** | **i** |
| (4) | iv | ii | iii | i |

(3)

40. भवाई नृत्य के बारे में असत्य कथन की पहचान करें –
(1) यह नृत्य एक पेशेवर लोक नृत्य है।
(2) इसके प्रवर्तक बाघाजी थे।
(3) दयाराम भारत के प्रथम भवाई नृतक माने जाते हैं।
(4) अस्मिताकाला ने इस नृत्य में 111 घड़े सिर पर रखकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। (3)

**व्याख्या–** कृष्णा व्यास छगानी को भारत का प्रथम भवाई नृतक माना जाता है।

41. किस जाति के पुरुषों द्वारा शिकार की कला का प्रदर्शन शिकार नृत्य के रूप में किया जाता है?
(1) गरासिया **(2) भील**
(3) सहरिया (4) डामोर (2)

42. सांकल नृत्य किस वाद्ययंत्र के साथ किया जाता है?
(1) ढोल (2) चौतारा
(3) डैरू (4) बांकिया (3)

43. राजस्थान के किस पेशेवर नृत्य में नृतक द्वारा अपने सिर पर 7–8 मटके रखकर नृत्य करना, जमीन पर रखा रूमाल मुँह से उठाना, गिलासों व थाली के किनारों, तलवारों व काँच के टुकड़ों पर नृत्य करना जैसी क्रियाएँ की जाती हैं?
(1) हिंडौला नृत्य (2) घुड़ला नृत्य
(3) भवाई नृत्य (4) बिन्दौरी नृत्य (3)

44. निम्न में से कौनसा नृत्य सामूहिक नृत्य नहीं है?
(1) हुरंगा (2) चोगोला
(3) कबूतरी (4) पालीनोच (3)

**व्याख्या–** कबूतरी नृत्य चूरू क्षेत्र में पेशेवर महिलाओं द्वारा किया जाता है।

Dhindhwal Publication Learn Read and Achieve

45. निम्न में से कौनसा नृत्य गरासिया स्त्रियों का अत्यन्त मोहक नृत्य है?
(1) जवारा नृत्य (2) गौर नृत्य
(3) गरवा नृत्य (4) कूद नृत्य (3)

**व्याख्या –** गरवा नृत्य मुख्यतः उदयपुर व सिरोही में किया जाता है।

46. निम्न में से सहरिया जनजाति द्वारा फसल पकाई के अवसर पर किया जाने वाला युगल नृत्य है?
(1) झेला नृत्य (2) बिछवा नृत्य
(3) लहंगी नृत्य (4) शिकारी नृत्य (1)

47. गुजरात के गरबा से मिलता जुलता वह नृत्य, जो केवल भील महिलाओं द्वारा किया जाता है?
(1) घूमरा नृत्य (2) द्विचक्री नृत्य
(3) गैर नृत्य (4) शिकारी नृत्य (1)

48. निम्न में से असंगत युग्म है–
(1) झूमर नृत्य– गुर्जर (2) पणिहारी– कालबेलिया
(3) भरटिया नृत्य– मेव (4) धाकड़ नृत्य– कंजर (3)

**व्याख्या–** भरटिया नृत्य डामोर जनजाति द्वारा मृत्यु के अवसर पर किया जाता है।

49. निम्न में से असंगत युग्म है–

| नृत्य | जाति |
|---|---|
| (1) रमणी | – भील |
| (2) मोरिया | – गरासिया |
| (3) शिकारी | – सहरिया |
| (4) मावलिया | – कंजर |

(4)


**व्याख्या–** मावलिया नृत्य नवरात्रों में कथौड़ी जनजाति द्वारा किया जाता है। ध्यान रहे शिकार नृत्य में भील जनजाति के पुरुषों द्वारा शिकार की कला का प्रदर्शन किया जाता है। शिकारी नृत्य सहरिया जनजाति का नृत्य है।


50. लाठी नृत्य किस जाति द्वारा किया जाता है?
(1) कथौड़ी (2) कंजर
(3) माली (4) गुर्जर (2)

**व्याख्या –** लाठी नृत्य हाड़ौती क्षेत्र में किया जाता है।

Read, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।